राष्ट्रीय राजनीतिक स्थिति संबंधी संकल्प

राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी के अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन के लिए यह हर्ष की बात है कि देश की जनता ने वर्ष 2004 में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) बनाए जाने के लिए इस पार्टी द्वारा किए गए प्रयासों को मुक्त हृदय से स्वीकार किया है और इस देश को प्रगति पथ पर अग्रसर रखने के लिए जनता द्वारा दूसरे कार्यकाल के लिए भारी बहुमत से चुना जाना ही इस बात का पुख्ता प्रमाण है।

जब विश्व का हरेक देश गंभीर आर्थिक मंदी की दौर से गुज़र रहा था, उस समय हमारे प्रधानमंत्री डा0 मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए सरकार ने इस बात का समुचित ध्यान रखा की हमारी अर्थव्यवस्था गंभीर वैश्विक आर्थिक मंदी के प्रभाव से अक्षुण्ण रहे, और इस प्रकार हम देश की अर्थव्यवस्था में समुचित विकास दर बनाए रखने में सक्षम हो पाए।

कृषि क्षेत्र:

हाल ही में देश के विभिन्न भागों में जलवायु परिवर्तन और सूखे की गंभीर स्थिति रहने के बावजूद कृषि मंत्रालय ने कृषि क्षेत्र में प्रशंसनीय वृद्धि दर्ज की है। दो तिहाई आबादी को आजीविका प्रदान करने वाले कृषि क्षेत्र ने गत वर्ष रिकार्ड उत्पादन किया।

सामाजिक न्याय

राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी उच्च शैक्षणिक संस्थानों में छात्रों को आरक्षण प्रदान कर समाजिक न्याय को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का स्वागत करती है। यह पार्टी सरकार द्वारा गंभीरता पूर्वक सच्चर आयोग की सिफारिशों का कार्यान्वयन किए जाने का भी स्वागत करती है।

न्यायिक सुधार

न्यायिक व्यवस्था में लंबे अर्से से सुधार नहीं किया गया है। न्यायपालिका की ज़िम्मेदारी और भारत के विभिन्न न्यायालयों में वर्षों से लंबित पड़े करोड़ो मामलों को निपटाए जाने की ओर गंभीरता पूर्वक ध्यान देने की आवश्यकता है तथा इस संबंध में शीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। न्याय देने में विलंब किया जाना, न्याय नहीं देने के बराबर है। सरकार को इस समस्या का शीघ्र ही समाधान करने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे।

महँगाई:

वस्तुओं की कीमतों में हो रही बेतहासा वृद्धि से आम लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। देश कतिपय भागों में हाल ही में सूखे की स्थिति उत्पन्न हो जाने से सब्जियों

सहित आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में थोड़ी वृद्धि हुई है। लेकिन उचित मूल्यों पर आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध कराने के लिए सरकार इस स्थिति पर गंभीरतापूर्वक निगरानी रखे हुए है। ऐसी स्थिति में बाज़ार में राज्य सरकारों द्वारा और अधिक हस्तक्षेप किए जाने के साथ–साथ सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है। इससे आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में कुछ हद तक कमी आएगी। साथ ही आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में हो रही निरंतर वृद्धि की प्रवृत्ति को रोकने के लिए भारत सरकार को कारगर कदम उठाने होंगे ।

महिला सशक्तिकरण:

सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक रूप से महिलाओं का सशक्तिकरण करने के लिए हमने कई कदम उठाए हैं। लेकिन राजनेताओं के लिए यह शर्म की बात है कि महिलाओं को संसद और विभिन्न राज्यों के विधान सभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक अभी तक लंबित पड़ा हुआ है, इसलिए राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी का यह राष्ट्रीय सम्मेलन भारत सरकार से आग्रह करता है कि वह संसद में इस विधेयक को अविलंब पारित कराए।

आतंकवाद:

बाहरी ताकतों द्वारा प्रायोजित आतंकवादी ताकतों के कारण बढ़ते खतरे पर यह अधिवेशन चिंता व्यक्त करता है। यह लोगों के लिए चिंता का गंभीर विषय बन गया है। हम उन देशों की निंदा करते हैं, जो आतंकवादियों को संरक्षण प्रदान करते हैं और उन्हें बढ़ावा देते हैं। यह अधिवेशन आतंकवाद को रोकने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तत्काल हस्तक्षेप करने का आह्वान करता है।

आतंकवादी गतिविधियों से संबंधित मामलों के निपटान में हो रहे प्रक्रियागत विलंब तथा अपराधियों को दंडित करने के लिए न्यायिक अधिकारियों की कमी से अप्रत्यक्ष रूप से आतंकवादियों को ही मदद मिल रही है। इसलिए यह सम्मेलन न्यायिक व्यवस्था में सुधार करने, पर्याप्त संख्या में न्यायालय गठित किए जाने और न्यायाधीशों की नियुक्ति करने के लिए सरकार से आग्रह करता है ताकि न्याय प्रदान किए जाने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जा सके।

नए राज्यों की माँग:

पृथक तेलंगाना राज्य बनाए जाने के लिए केन्द्र सरकार की सहमति की घोषणा से राजनीति संकट उत्पन्न हो गया है जिसके फलस्वरूप यह राज्य विभिन्न राजनीतिक दलों का अखाड़ा बन गया है। केन्द्र सरकार के रवैये से प्रेरित होकर अधिकाधिक संख्या में लोग नए राज्यों के गठन की माँग लेकर सड़क पर उतर

आए हैं। एनसीपी किसी भी मामले में जल्दबाजी में निर्णय लिए जाने के दृष्टिकोण से सहमत नहीं है।

देश के विभिन्न भागों के लोगों की आकांक्षाओं और अधिक संख्या में छोटे राज्य बनाए जाने की माँग को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टी इस अधिवेशन के माध्यम से भारत सरकार से दूसरा राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन करने की माँग करता है। यह आयोग इस मुद्दे के विभिन्न पहलुओं की जांच कर इस संबंध में सरकार को ज़रूरी सिफारिशें करेगा।

केन्द्र सरकार को देश की जनता को स्पष्ट संदेश देना होगा कि वह नई रणनीति के तहत ग़रीब लोगों और समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए गंभीरता पूर्वक कार्य करने के प्रति प्रतिबद्ध है। सरकार उन क्षेत्रों में जहाँ विकास की गति भारत के शेष भागों की भाँति नहीं रही है, त्वरित विकास सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है।

राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टी देश को साम्प्रदायिक ताकतों और आतंकवादी संगठनों के चंगुल से बचाने में प्रमुख भूमिका निभा रही है। एनसीपी का मानना है कि इस स्थिति से निपटने और अपनी अर्थव्यवस्था को आर्थिक संकट, जिससे पूरा विश्व जूझ रहा है, से बाहर निकालने के लिए यूपीए के घटक दलों के बीच बेहतर समन्वय और अन्य धर्मनिरपेक्ष ताकतों के सहयोग की आवश्यकता है।

यह राष्ट्रीय अधिवेशन देश की जनता, विशेषकर युवा वर्गों से एनसीपी को पूरा समर्थन दिए जाने तथा देश की समस्याओं को हल करने एवं देश की जनता के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयास के लिए इसके अध्यक्ष श्री शरद पवार को भरपूर सहयोग देने का आह्वान करता है।

राजनीतिक संकल्प की प्रारूपण समिति

पी0 ए0 संगमा, अध्यक्ष
तारिक़ अनवर, सदस्य
टी0 पी0 पीथाम्बरन मास्टर, सदस्य
डी0 पी0 त्रिपाठी, सदस्य

प्रकाशक : राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टी
10, डॉ0 बिशम्भर दास मार्ग, नई दिल्ली–110001
फोन : 23359218, 23752938 फैक्स : 23352112

मुद्रक : ताज प्रिंटर्स
ई–49/8, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेस–2, नई दिल्ली–110020
फोन : 66601809, 66601810 मो. : 98101 57874

राष्ट्रीय अधिवेशन

२० दिसम्बर, २००६



राजनीतिक संकल्प

राष्ट्रवादी काँग्रेस पार्टी

10, डॉ0 बिशम्भर दास मार्ग, नई दिल्ली–110001

फोन : 23359218, 23752938 फैक्स : 23352112